Department of Higher Education
Govt. of Uttarakhand

EDII

# Devbhoomi Udyamita Yojana

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

(2024-25)

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

**The Himachal Times**

*Published from Dehradun & Shimla* ● 75th year of Publication ● *Founded by S.P Pandhi*

VOL. LXXIV, No. RNI No. 15357/67 UTTARAKHAND EDITION DEHRADUN ● WEDNESDAY ● 12 FEBRUARY, 2025

Pages 8 ₹. 2.00

Follow us on twitter.com/HimachalTimes47 & Instagram

# Revolutionizing Entrepreneurship in Uttarakhand: Mega Startup Summit held at Doon University





**Dehradun, Feb 11 (HTNS):** A grand Mega Startup Summit was organized today at Doon University Campus under the Devbhoomi Udyamita Yojana (DUY). The summit witnessed the participation of over 75 student entrepreneurs from across the state, who showcased more than 350 innovative products and business models. Additionally, more than 700 students and young entrepreneurs actively took part in this event.

Chief Secretary, Radha Raturi inaugurated the summit and unveiled the centrally displayed products developed by DUY-trained entrepreneurs. She visited each stall, interacted with student entrepreneurs, and praised their efforts. Congratulating the students, she remarked, "It is truly encouraging to witness the shift in mindset towards entrepreneurship in the state."

Chief Minister Pushkar Singh Dhami addressed the summit virtually and said, "Entrepreneurship can become the foundation of the state's economic development, and Devbhoomi Udyamita Yojana is proving to be an effective platform for this transformation."

Dr. Ranjit Kumar Sinha, Secretary, Higher Education, congratulated the student entrepreneurs and awarded 10 higher education institutions with the 'Center of Excellence' certification. He also presented a seed fund grant of ₹75,000 to selected student entrepreneurs, helping them bring their innovative ideas to reality.

Dr. Sunil Shukla, Director General, Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad, stated,"Devbhoomi Udyamita Yojana has significantly strengthened the startup culture in the state. This initiative is fostering self-reliance among youth, which is crucial for the state's progress."

Shailesh Bagauli, Secretary to the Chief Minister, emphasized the state government's support for startups, saying, "The government is committed to strengthening the startup ecosystem in Uttarakhand.

The efforts of these student entrepreneurs mark a positive step towards a brighter future."

Dr. Surekha Dangwal, Vice Chancellor, Doon University, called the Mega Startup Summit a "revolutionary step" in promoting innovation and entrepreneurship in the state.

She remarked, "Educational institutions should not remain confined to teaching and research but should emerge as hubs of innovation and entrepreneurship."

**Showcasing Innovative Student Startups**

More than 75 student entrepreneurs trained under DUY set up stalls to display their products. Among the standout participants were Sadhna Raturi, who showcased tea made from Bichhu Grass (Nettle Tea),Deepak Singh Negi, who presented ready-to-drink beverages made from Himalayan fruits like Malta and Buransh (Rhododendron),Bhavana, who developed Pine Coal from Chir Pine needles.

These innovative products drew significant attention from visitors and dignitaries.

**Strategic Collaborations – Signing of 6 MoUs**

During the summit, six significant Memorandums of Understanding (MoUs) were signed to foster institutional collaborations:Department of Higher Education, Uttarakhand Government signed MoUs with: Indian Institute of Science, Bengaluru,Foundation for Innovation and Entrepreneurship Development (FIED), IIM Kashipur,-Zoho Corporation,TIDE, IIT Roorkee,Veer Chandra Singh Garhwali Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, Bharsar, Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad signed an MoU with Uttarakhand Open University.

These MoUs will enhance collaboration across various sectors and promote startup initiatives in the state.

**A Historic Opportunity for Student Entrepreneurs**

The summit featured 20 startup ventures developed under DUY along with stalls from 'Centers of Excellence' in higher education institutions.

The showcased businesses spanned diverse industries, including:Health-Tech,Handicrafts,Food Processing,Biotechnology,Tourism.

Additionally, three panel discussions were held on:"From Idea to Enterprise","Technology for Entrepreneurship","Government Efforts for the Development of Next-Generation Entrepreneurs".

The event was coordinated by Dr. Deepak Kumar Pandey, Assistant Director, Higher Education & Nodal Officer, Devbhoomi Udyamita Yojana.

Concluding the event, Dr. Amit Kumar Dwivedi, Project Director, Devbhoomi Udyamita Yojana, extended his heartfelt congratulations to all officials, student entrepreneurs, faculty members, and institutions for the successful execution of the summit.

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)


# The Himachal Times

*Published from Dehradun & Shimla* ● **75th year of Publication** ● *Founded by S.P Pandhi*

VOL. LXXIV, No. RNI No. 15357/67 **UTTARAKHAND EDITION** DEHRADUN ● THURSDAY ● 13 FEBRUARY, 2025

Pages 8 ₹. 2.00

Follow us on twitter.com/HimachalTimes47 & Instagram


## Two-day Mega Startup Summit concludes with participation of over 600 students



**Dehradun, Feb 12 (HTNS):** The second and final day of the Mega Startup Summit, organized under the Devbhoomi Udyamita Yojana (DUY), witnessed tremendous enthusiasm and excitement. More than 75 student entrepreneurs from across the state showcased their products and business models, which were highly appreciated by higher education institutions, investors, and industry experts.

On the first day of the summit, Chief Secretary Radha Raturi inaugurated the Wall of Products featuring innovations developed under the Devbhoomi Udyamita Yojana. She visited the student entrepreneurs' stalls and praised their innovations. She emphasized the need to integrate other departments with this initiative, stating that it would prove to be a game-changer for the state.

Principal Secretary to the Chief Minister, R.K. Sudhanshu, lauded the Devbhoomi Udyamita Yojana run by the Higher Education Department. He urged students to embrace entrepreneurship with full enthusiasm and energy, fostering innovative ideas. Speaking about the evolving entrepreneurial ecosystem in Uttarakhand, he remarked,"The transformation brought about by the Devbhoomi Udyamita Yojana is helping the younger generation become self-reliant and fostering a startup culture in the state."

The second day of the Mega Startup Summit featured three key panel discussions:Entrepreneurship Curriculum Based on the National Education Policy (NEP) for Higher Education Institutions – This session was chaired by Prof. D.S. Rawat, Vice Chancellor of Kumaun University, Nainital, and moderated by Dr. Ranjit Kumar Sinha, Secretary, Higher Education. The session included a presentation on NEP-based entrepreneurship modules, discussing their impact and necessity in higher education institutions.

Prof. D.S. Rawat emphasized the importance of determination and utilizing one's potential to achieve success. He stated that incorporating entrepreneurship courses in higher education would encourage students to explore new opportunities and start their own businesses, ultimately contributing to the state's economic growth.

Moderator Dr. Ranjit Kumar Sinha added,"The Devbhoomi Udyamita Yojana is providing students with opportunities to move in a new direction. Higher education institutions should not remain confined to academic knowledge alone but must evolve into centers of innovation and entrepreneurship."

Success Stories of Enterprises Trained and Developed under the Devbhoomi Udyamita Yojana – Moderated by Dr. Shruti Batra, this discussion featured young entrepreneurs sharing their entrepreneurial journeys. They elaborated on how the Devbhoomi Udyamita Yojana helped them start and scale their ventures.

In the closing session, Dr. Anju Agarwal, Director of Higher Education, highlighted that this initiative is proving to be a milestone in building a robust startup ecosystem in Uttarakhand. She stressed the importance of empowering institutions for entrepreneurship development, stating,

"Institutions must now focus not only on education but also on employment generation and fostering startups."

Dr. Devendra Bhasin, Vice Chairman of the Higher Education Upgradation Committee, discussed "Changes in the Higher Education Ecosystem", noting that the landscape has transformed.

"Higher education is no longer limited to obtaining degrees; it is now equipping students with the entrepreneurial mindset needed for self-reliance and business success."

The final day of the Mega Startup Summit facilitated meaningful interactions between students, academicians, and investors. This event served as a crucial step in strengthening Uttarakhand's entrepreneurial ecosystem, inspiring students with new energy and motivation to turn their business dreams into reality.

The event was conducted by Prof. Deepak Kumar Pandey. Dignitaries present included Byomkesh Dubey, Deputy Secretary, Higher Education, Deepak Kumar, Assistant Secretary, Prof. O.P.S. Negi, Vice Chancellor, Open University, Prof. S.S. Bisht, Vice Chancellor, SSJ University, Prof. K.D. Purohit, Deshraj, Director of Technical Education, Prof. A.S. Uniyal, Joint Director, Higher Education, Mukesh Pandey, Dr. H.C. Purohit, Dr. Shailendra Singh, Vice Chancellors of major universities, academicians, leading entrepreneurs, and other distinguished guests.

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

# मेगा स्टार्टअप समिट आज से, धामी करेंगे उद्घाटन

देहरादून, विशेष संवाददाता। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को दून में दो दिवसीय मेगा स्टॉर्टअप समिट शुरू होगा। उच्च शिक्षा विभाग की उद्यमिता विकास योजना के तहत दून विश्वविद्यालय में होने जा रहे इस स्टार्ट अप समिट का उदघाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

सोमवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस क्रांफेस में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक सुनील शुक्ल, उप सचिव-उच्च शिक्षा ब्योमकेश दुबे और उद्यमिता विकास योजना के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक कुमार पांडेय ने समिट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता की सोच विकसित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान-अहमदाबाद के साथ एक साल पहले एमओयू किया था। इसके तहत राज्य भर में 124 उद्यमिता केंद्र स्थापित किए गए हैं। पिछले एक वर्ष में राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 21266 छात्र इसके आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। कल से शुरू होने वाले स्टार्ट अप समिट में 60 से अधिक प्रॉडक्ट प्रदर्शित किए जाएंगे।

## कृषि निगरानी उपकरण को मिल चुका है पेटेंट

देहरादून। देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत राज्य विभिन्न क्षेत्रों में नए आविष्कार भी कर रहा है। रुद्रप्रयाग डिग्री कालेज के नोडल अधिकारी डॉ.जगमोहन रावत और उनकी टीम के कृषि निगरानी और पूर्वानुमांन उपकरण को केंद्र सरकार पेंटेट प्रमाणपत्र मिल चुका है। यह उपकरण कृषि निगरानी और पूर्वानुमान के लिए एक एकीकृत प्रणाली के रूप में कार्य करता है। यह कई सेंसर से डेटा एकत्रित करता है और उन्हें प्रोसेस करता है।अभी छह और नए आविष्कार पेंटेंट प्रमाण्पत्र के लिए कतार में हैं। उद्यमिता विकास योजना के नोडल अधिकारी डॉ.दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार ने डिजाइन के पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)


# The Himachal Times

*Published from Dehradun & Shimla* ● 75th year of Publication ● *Founded by S.P Pandhi*

VOL. LXXIV, No. RNI No. 15357/67 UTTARAKHAND EDITION DEHRADUN ● FRIDAY ● 24 JANUARY, 2025

Follow us on twitter.com/HimachalTimes47 & Instagram Pages 8 ₹. 2.00


## UCOST, EDII sign MoU to Foster Science & Technology-led Grassroots Entrepreneurship in Uttarakhand



**Dehradun, Jan 23 (HTNS):** The Uttarakhand State Council for Science and Technology (UCOST) and the Entrepreneurship Development Institute of India (EDII) have signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 21 January to collaborate on initiatives aimed at developing Uttarakhand as a vibrant state for science and technology-led grassroots entrepreneurship focusing on bordering districts.

The agreement was signed at EDII, Ahmedabad, by Prof. Durgesh Pant, Director General of UCOST, and Dr. Sunil Shukla, Director General of EDII after a detailed presentation from both the institutions. Prof Amit Kumar Dwivedi, Prof Satya Acharya, Samir Jain from EDII and Prof Prahlad Adhikari from UCOST were present during this occasion. This partnership seeks to leverage science and technology for socio-economic development by promoting entrepreneurship in schools, colleges, and universities across the state.

Prof. Durgesh Pant emphasized the importance of integrating science, technology and innovation with entrepreneurial efforts to address regional challenges and generate employment opportunities in the state.

"This collaboration with EDII will enable us to create an ecosystem where aspiring entrepreneurs receive the necessary support to transform their ideas into viable business ventures, which will provide momentum to our efforts in transforming Uttarakhand from Money Order economy into Knowledge Economy," he said.

Under this MoU, UCOST and EDII will jointly develop and implement entrepreneurship development interventions focusing on biotechnology, agriculture, IoT, digital innovation, pharmaceuticals, and women's and youth entrepreneurship. EDII will serve as a knowledge partner to UCOST in designing and delivering short-term courses to promote S&T-based entrepreneurship in Uttarakhand.

Dr. Sunil Shukla highlighted EDII's commitment to empowering local entrepreneurs through strategic guidance and capacity-building programs. "By blending science and technology with entrepreneurial acumen, we aim to create sustainable business models that cater to the needs of the region and beyond," he stated.

The partnership will facilitate innovation fests, youth camps, boot camps, and hackathons, fostering a culture of independent thinking among students and youth especially from vulnerable communities along bordering areas. Additionally, UCOST will support entrepreneurs in filing patents, trademarks, and copyrights, further promoting commercialization of intellectual property.

The MoU also provides for the establishment of a Project Management Unit at UCOST, offering office space and workstations to support joint initiatives.

The partnership is expected to bring together academia, industry, and policymakers to create a robust entrepreneurial ecosystem in the state.

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

# मेगा स्टार्टअप समिट में छह एमओयू

देहरादून, मुख्य संवाददाता। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत मंगलवार को दून विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय भव्य मेगा स्टार्टअप समिट के दौरान छह महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) भी हुए।

उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, फीड, आईआईएम काशीपुर, जोहो कार्पोरेशन और टाइड, आईआईटी रुड़की और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टीकल्चर एवं फॉरेस्ट्री भरसार के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर एक प्रेसित संदेश में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सेंटर ऑफ एक्ससिलेन्स अवार्ड प्राप्त करने वाले राज्य के 10 उच्च शिक्षण संस्थानों को बधाई दी।

## बिच्छू घास की चाय बनी आकर्षण का केंद्र

इस समिट में 75 से अधिक छात्र उद्यमियों ने अपने रचनात्मक उत्पादों और व्यवसायिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही 600 से अधिक छात्रों एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। छात्र उद्यमियों में बिच्छू घास से चाय बनाने वाली साधना रतूड़ी, पहाड़ी फलों जैसे माल्टा, बुरांश इत्यादि के रेडी टू ड्रिंक उत्पाद बनाने वाले दीपक सिंह नेगी सहित चीड़ की पत्तियों का उपयोग कर पाइन कोल बनाने वाली छात्रा आकर्षण का केंद्र रहे।

## 10 संस्थानों को मिला एक्सीलेंस प्रमाण-पत्र

इस अवसर पर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा राज्य के 10 उच्च शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने चयनित छात्र उद्यमियों को 75 हजार रुपये के सीड फंड अनुदान का चेक भी दिया, जो इन नवाचारी छात्र -छात्राओं को उनके आइडिया को धरातल पर उतारने के लिए दिया गया है।

## दून विवि सप्लाई चैन मैनेजमेंट में अव्वल

देहरादून। दून विवि को लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में उत्कृष्ट केंद्र के खिताब से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेगा स्टार्टअप समिट के दौरान दिया गया, जिसका आयोजन उत्तराखंड के उच्च शिक्षा विभाग और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया अहमदाबाद ने किया था। दून विवि की ओर से कुलसचिव दुर्गेश डिमरी और देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल डॉ. सुधांशु जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

### Vol-1, (2024-25)

# उच्च शिक्षा में उत्तराखंड के साथ नवाचार करेंगे देश के कई प्रतिष्ठित संस्थान

- उच्च शिक्षा सचिव ने संस्थानों का भ्रमण कर गुणवत्ता पर की चर्चा
- विदेशी भाषा के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने पर भी बनी सहमति

देहरादून, विशेष संवाददाता। देश के उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान उत्तराखंड के विश्वविद्यालय और कालेजों में प्रशिक्षण केंद्र, विदेशी भाषा के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करेंगे। शैक्षिक संस्थान आइसर- मोहाली, नाइटर- चंडीगढ़, इंफोसिस, दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू ने राज्य के साथ उच्च शिक्षा में नवाचार और सहयोग करने पर सहमति दी है।

उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी संस्थानों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। है। नाइटर-चंडीगढ़ द्वारा तकनीकी और उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने पर सहमति बनी है।

जेएनयू के अधिकारियों के चर्चा समाज विज्ञान और मानविकी विषयों में शिक्षकों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, छात्रों के एक्सपोजर विजिट तथा राज्य के चयनित उच्च शिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषा के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने जैसे विषयों पर सहमति बनी। डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षकों व छात्रों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाना था। राज्य में उच्च शिक्षा को और अधिक समृद्ध और समावेशी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। डॉ. सिन्हा के साथ सहायक निदेशक डॉ.दीपक कुमार पाण्डेय, संयुक्त सचिव- यूबीटीईआर डॉ. मुकेश पाण्डेय, नोडल अफसर डॉ. शैलेन्द्र सिंह भी शामिल रहे।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

## देवभूमि उद्यमिता योजना के लिए पुरस्कार मिला

देहरादून/दिल्ली। देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग को स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान-अहमदाबाद के सहयोग से देवभूमि उद्यमिता योजना ने उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों को प्रशिक्षण, सीड फंडिंग, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच प्रदान कर उनके स्टार्टअप और उद्यमों को सशक्त बनाया है। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बधाई दी।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

The Himachal Times

Published from Dehradun & Shimla ● 75th year of Publication ● Founded by S.P Pandhi

VOL. LXXIV, No. RNI No. 15357/67 UTTARAKHAND EDITION DEHRADUN ● FRIDAY ● 24 JANUARY, 2025

Follow us on twitter.com/HimachalTimes47 & Instagram

Pages 8 ₹. 2.00

## UCOST, EDII sign MoU to Foster Science & Technology-led Grassroots Entrepreneurship in Uttarakhand



**Dehradun, Jan 23 (HTNS):** The Uttarakhand State Council for Science and Technology (UCOST) and the Entrepreneurship Development Institute of India (EDII) have signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 21 January to collaborate on initiatives aimed at developing Uttarakhand as a vibrant state for science and technology-led grassroots entrepreneurship focusing on bordering districts.

The agreement was signed at EDII, Ahmedabad, by Prof. Durgesh Pant, Director General of UCOST, and Dr. Sunil Shukla, Director General of EDII after a detailed presentation from both the institutions. Prof Amit Kumar Dwivedi, Prof Satya Acharya, Samir Jain from EDII and Prof Prahlad Adhikari from UCOST were present during this occasion. This partnership seeks to leverage science and technology for socio-economic development by promoting entrepreneurship in schools, colleges, and universities across the state.

Prof. Durgesh Pant emphasized the importance of integrating science, technology and innovation with entrepreneurial efforts to address regional challenges and generate employment opportunities in the state.

"This collaboration with EDII will enable us to create an ecosystem where aspiring entrepreneurs receive the necessary support to transform their ideas into viable business ventures, which will provide momentum to our efforts in transforming Uttarakhand from Money Order economy into Knowledge Economy" he said.

Under this MoU, UCOST and EDII will jointly develop and implement entrepreneurship development interventions focusing on biotechnology, agriculture, IoT, digital innovation, pharmaceuticals, and women's and youth entrepreneurship. EDII will serve as a knowledge partner to UCOST in designing and delivering short-term courses to promote S&T-based entrepreneurship in Uttarakhand.

Dr. Sunil Shukla highlighted EDII's commitment to empowering local entrepreneurs through strategic guidance and capacity-building programs. "By blending science and technology with entrepreneurial acumen, we aim to create sustainable business models that cater to the needs of the region and beyond," he stated.

The partnership will facilitate innovation fests, youth camps, boot camps, and hackathons, fostering a culture of independent thinking among students and youth especially from vulnerable communities along bordering areas. Additionally, UCOST will support entrepreneurs in filing patents, trademarks, and copyrights, further promoting commercialization of intellectual property.

The MoU also provides for the establishment of a Project Management Unit at UCOST, offering office space and workstations to support joint initiatives.

The partnership is expected to bring together academia, industry, and policymakers to create a robust entrepreneurial ecosystem in the state.

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

## दूरस्थ क्षेत्र के कॉलेजों और संस्थाओं को गोद लें कॉरपोरेट

**देहरादून (एसएनबी)।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आह्वान किया है कि कॉरपोरेट्स सीएसआर के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के महाविद्यालयों और संस्थाओं को गोद लेकर विकसित करें। सोमवार को मुख्य सचिव सभागार में प्रदेश सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के संयुक्त प्रयास से उत्तराखंड में उच्च शिक्षा और उद्यमिता विकास के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सीएसआर) की भूमिका पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का दायित्व, सभी का साझा दायित्व है। उच्च शिक्षा मंत्री ने समावेशी विकास के लिए वंचित वर्ग और समूहों पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कहा कि, देवभूमि उद्यमिता योजना विद्यार्थी उद्यमिता का पहला, अनूठा और सबसे सफल मॉडल है। उन्होंने सभी सीएसआर संगठनों से राज्य के विकास की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग के साथ जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि संस्थागत विकास के लिए भागीदारी और सहयोग महत्वपूर्ण है। सरकार की दृष्टि और प्रयासों के साथ सामाजिक विकास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीएसआर फंडिंग महत्वपूर्ण है जो मिसिंग लिंक्स को जोड़ने का कार्य करती है। कहा कि आइडिया को प्रोडक्ट में बदलने के



- उत्तराखंड में उच्च शिक्षा और उद्यमिता विकास के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी की भूमिका पर विशेष कार्यशाला
- उच्च शिक्षा मंत्री ने समावेशी विकास के लिए वंचित वर्ग और समूहों पर विशेष ध्यान देने का किया आह्वान

लिए संस्थाओं को विशेष भूमिका निभानी होगी। सीएसआर, सदस्य सचिव मनमोहन मैनाली ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की देवभूमि उद्यमिता योजना उद्योगों की सप्लाई चेन के रूप में कार्य कर रही है। कार्यशाला में डॉ. रमन गुजराल, निदेशक (कपॅरिट परियोजनाएं), भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने उद्यमिता शिक्षा और सीएसआर के योगदान पर चर्चा की। डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, निदेशक (सरकारी परियोजनाएँ), भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद ने राज्य में चल रही देवभूमि उद्यमिता योजना पर प्रस्तुति देते हुए सीएसआर सहयोग की संभावनओं व आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यशाला के दौरान सीएसआर और उच्च शिक्षा में सहयोग को लेकर एक खुली परिचर्चा भी आयोजित की गई।

कार्यशाला में रेल विकास निगम लिमिटेड के डीजीएम ओपी मालगुड़ी, नाबार्ड के डीजीएम भूपेन्द्र कुमार, संयुक्त राष्ट्र आधारित मल्टी लेटरल एजेंसी से आदर्श कालिया, भारतीय स्टेट बैंक के एजीएम पारितोष रायजादा, आईडीबीआई से गौतम राज छिब्बर, एक्साइड इण्डस्ट्री से धूम जिंदल, एचडीएफसी से सीएसआर हेड जेसिका, क्लस्टर हेड विद्याकांत मिश्रा, एनसीडीसी से अमित कुमार निगम, टीएचडीसी से सोनू चानू, कुशाग्र मिश्रा, बजाज ऑटो से सार्थ भाटिया, केपीएमजी से देवकी नन्दन ने खुली परिचर्चा की। कार्यशाला का संचालन व्योमकेश दूबे, उप सचिव, उच्च शिक्षा ने किया।

कार्यशाला में अनु सचिव, दीपक कुमार, संयुक्त निदेशक डॉ एएस उनियाल, सहायक निदेशक एवं नोडल सीएसआर डॉ. दीपक कुमार पांडेय, अंजनी सिंह, सुमित कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### स्पीकर आज भराड़ीसैंण में

**गोपेश्वर।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी मंगलवार को विधानसभा भवन भराड़ीसैंण पहुंचेंगी। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 25 फरवरी को विधानसभा भराड़ीसैंण में ही रात्रि प्रवास करेंगी।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

# टनकपुर महाविद्यालय को आयुष, वेलनेस में सम्मान



सम्मान प्राप्त करते प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी व प्रो. डॉ सुनील कुमार कटियार।

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नित्यानंद स्वामी ऑडिटोरियम, दून विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट के दौरान राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर, को "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आयुष एंड वेलनेस" के रूप में मान्यता एवं सम्मान प्रदान किया गया।

यह आयोजन देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत हुआ, जिसे एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद ने प्रायोजित किया था। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नोडल अधिकारी एवं डीयूवाई के चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार कटियार और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा तिवारी ने कहा कि इस मान्यता के साथ संस्थान नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता विकास का केंद्र बनेगा। यह संस्थान राज्य में उद्यमशीलता की प्रतिभाओं को निखारने, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, मुख्यमंत्री के सचिव सुधांशु रंजन, सचिव शैलेश बगौली, कुलपति कुमाऊं विवि डॉ. डीएस रावत, डॉ. अंजू अग्रवाल आदि रहे।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25)

## मेगा स्टार्टअप समिट में पुरोला महाविद्यालय की चार छात्राओं को मिला सीड फंड



पुरोला महाविद्यालय की चार छात्राओं को मिला सीड फंड • जागरण

संवाद सूत्र, जागरण • पुरोलाः दून विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट में योएल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की चार छात्राओं को 75 हजार रुपये सीड फंड प्रदान किया गया है। समिट का आयोजन उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में हुआ था, जिसमें महाविद्यालय की चारों छात्राओं मनीषा नौटियाल, काजल चौहान, शिवानी नेगी व अंजली रावत को उनके नवाचार व उद्यमिता के लिए सीड फंड प्रदान किया गया है।

बता दें कि उक्त छात्राओं ने चुलु (वाइल्ड एप्रिकाट) से विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया, जिसे समिट में विशेषज्ञों व आगंतुकों ने खूब सराहा। मेगा स्टार्टअप एग्जिबिशन समिट में विद्यालय के अभिषेक आर्य, आंचल, शिवानी नौटियाल, अनामिका, संतोषी व रुचिता, आरती, कल्पना व करीना ने भी अपने स्टार्टअप उत्पादों के साथ प्रतिभाग किया था। छात्राओं के मेगा एग्जीबिशन में प्रदर्शित चुलु का तेल, खटाई मिठाई, अचार, पहाड़ी बड़ी, क्रिस्पी व्हीट, लाल चावल एवं क्रंची सोया और पापड़ आदि उत्पादों की विशेषज्ञों ने खूब सराहना की। दो दिनी समिट के दौरान उद्यमिता क्षेत्र के कई विशेषज्ञों ने उत्तराखंड में उद्यमिता की संभावनाओं व सरकार के माध्यम से दी जा रही सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, भारत सरकार की आफिस आफ प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर कवित तिवारी ने रूरल टेक्नोलाजी व एक्शन ग्रु सहित कई योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करने साथ ही उत्तराखंड सेतु आयो के विशेषज्ञ ने राज्य में नवाचार क्षेत्र स्टार्टअप को बढ़ावा देने को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

समिट में मौजूद महाविद्यालय प्राचा डा. एके तिवारी एवं उद्यमिता नोडल अधिकारी डा. विनय नौटियाल ने बताया कि दो दिवसीय मेगा इवेंट में आइआइटी मद्रास आइआइएससी बेंगलुरु, आइआइए काशीपुर, आइआइटी रुड़की व प्रतिष्ठि संस्थानों, सरकार साथ समझौता ज्ञापन प हस्ताक्षरकिए।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25))

# एसबीएस कॉलेज को मिला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड

## उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पांच लाख की दी गई नकद राशि

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। एसबीएस डिग्री कॉलेज को फूड प्रोसेसिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शासन की ओर से उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पांच लाख रुपये की नकद धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

यह पुरस्कार प्राचार्य के प्रतिनिधि प्रो. भारत सिंह और नोडल अधिकारी डॉ. गरिमा जायसवाल ने देहरादून में ग्रहण किया। उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से देहरादून में 11-12 फरवरी को दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप सम्मिट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत सिन्हा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली आदि रहे।




रुद्रपुर डिग्री कॉलेज में अवार्ड के साथ प्राचार्य और अन्य। कॉलेज

### छात्र रोहित जियाला को मिला 75 हजार का फंड

कॉलेज को अवार्ड मिलने के साथ ही बीबीए के छात्र रोहित जियाला को उनके बिजनेस आइडिया को धरातल पर लाने के लिए 75 हजार रुपये का सीड फंड अनुदान भी प्रदान किया गया। तीन अन्य छात्रों ने अपने नए बिजनेस मॉडल्स का प्रदर्शन भी यहां किया।

*सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से छात्र-छात्राओं और स्थानीय उद्यमियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा और उनके नवाचारी विचारों को स्टार्टअप से जोड़ा जाएगा। इस प्रयास को धरातल पर लाने के लिए संयोजक डॉ. गरिमा जायसवाल और सह-संयोजक डॉ. शलभ गुप्ता की टीम निरंतर कार्य कर रही है। -प्रो. राजेश उभान, प्राचार्य, एसबीएस डिग्री कॉलेज।*

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25))

# खटीमा के छात्र राहुल को मिली 75 हजार की स्टार्ट अप प्रोत्साहन राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र राहुल सिंह बोहरा को उच्च शिक्षा विभाग एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया अहमदाबाद के तत्वावधान में दून विश्वविद्यालय में आयोजित मेगा स्टार्टअप समिट में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, उच्च शिक्षा सचिव रणजीत सिन्हा, सचिव सीएम शैलेश बगोली एवं स्टेट नोडल अधिकारी डा. दीपक पांडेय द्वारा 75000 की स्टार्ट अप प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की गई । उनको यह धनराशि अपने ऐप healthy के लिए मिली है, जिसके द्वारा मरीजों को डॉक्टर से परामर्श एवं चिकित्सा हेतु भीड़-भाड़ से निजात मिलेगा।



इससे पूर्व खटीमा महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत खटीमा महाविद्यालय में कैंप का आयोजन कर विभिन्न छात्र-छात्राओं का अगले चरण के लिए चयन किया गया था। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल प्रभारी डा. हरेंद्र मोहन सिंह ने ईडीआईआई अहमदाबाद जाकर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया था। 11 फरवरी 2025 एवं 12 फरवरी 2025 को देहरादून में आयोजित इस मेगा स्टार्टअप समिट में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चन्द्र राम , डा. हरेंद्र मोहन सिंह एवं अचल वर्मा ने प्रतिभाग किया।

छात्र राहुल की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डा. आशुतोष कुमार , डा. मनीष बेलवाल, डा. ब्रज.श सिंह , डा. रीना सिंह , डा. गुरेंद्र सिंह, डा. आरएस नेगी आदि ने प्रसन्नता जताई एवं छात्र के उज्ज्वल भविष्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25))

न्यूज डायरी

## खटीमा के राहुल को मिली स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि



खटीमा। दून विश्वविद्यालय में मेगा स्टार्टअप समिट का आयोजन किया गया। इसमें एचएनबीजी हेमंवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज के छात्र राहुल सिंह मेहरा को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, उच्च शिक्षा सचिव रणजीत सिन्हा, सचिव (सीएम) शैलेश बगोली व स्टेट नोडल अधिकारी डॉ दीपक पांडेय ने 75000 की स्टार्टअप प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की। उनको यह धनराशि अपने एप हेल्दी के लिए मिली। राहुल की उपलब्धि पर प्राध्यापक डॉ आशुतोष कुमार, डॉ. रीना सिंह, डॉ. मनीष बेलवाल, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. गुरेंद्र सिंह, डॉ. आरएस नेगी ने शुभकामनाएं दीं। संवाद

## 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

... कॉलेज में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25))

# आयुष एवं वेलनेस में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में राजकीय महाविद्यालय टनकपुर को मिली मान्यता

## प्राचार्य अनुपमा तिवारी और प्रोफेसर डॉक्टर सुनील कुमार कटियार को मिला सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आयुष एंड वैलनेस के रूप में मान्यता मिलने पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्य अनुपमा तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नित्यानंद स्वामी ऑडिटोरियम, दून विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट के दौरान राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर, चंपावत को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आयुष एंड वेलनेस' के रूप में मान्यता एवं सम्मान प्रदान किया गया। यह आयोजन देवभूमि उद्यमिता योजना (DUY) के अंतर्गत हुआ, जिसे एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII), अहमदाबाद द्वारा प्रायोजित किया गया।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नोडल अधिकारी एवं DUY के चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार कटियार ने कहा कि इस मान्यता के साथ संस्थान नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता विकास का केंद्र बनेगा। यह संस्थान उत्तराखंड में उद्यमशीलता की प्रतिभाओं को निखारने, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच समन्वय स्थापित करने एवं नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को गति देने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह उपलब्धि राजकीय महाविद्यालय, टनकपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे उत्तराखंड में आयुष एवं वेलनेस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को नया आयाम मिलेगा।

पुरस्कार समारोह के दौरान उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, मुख्यमंत्री के सचिव सुधांशु रंजन, सचिव शैलेश बगौली, उच्च शिक्षा उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र भसीन, EDII अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीएस रावत, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. आनंद सिंह उनियाल, DUY उत्तराखंड के निदेशक डॉ. अमित कुमार द्विवेदी एवं IIM काशीपुर के डॉ. राम कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित हुए।

# DUY- Media Coverage

## Mega Startup Summit

Vol-1, (2024-25))

# उच्च शिक्षा विभाग एवं आइपीएस श्वेता चौबे को स्काच अवार्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून: उत्तराखंड के उच्च शिक्षा विभाग और आइपीएस अधिकारी श्वेता चौबे को प्रसिद्ध स्काच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग को यह स्काच अवार्ड (गोल्ड) देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान को उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा ने दिल्ली में प्राप्त किया।

उत्तराखंड वर्ष 2024 के परफार्मर स्टेट्स में 17.55 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, आइपीएस श्वेता चौबे को स्काच अवार्ड (सिल्वर) महिला सुरक्षा के लिए चलाए गए आपरेशन पिंक प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। उन्होंने पौड़ी गढ़वाल में एसएसपी रहते हुए महिला सुरक्षा के लिए अभिनव पहल शुरू कर बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की पिंक टीम गठित की थी।



दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा, सहायक निदेशक दीपक कुमार पांडेय, देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना निदेशक डा. अमित कुमार द्विवेदी स्काच गोल्ड अवार्ड के साथ • सौजन्य आयोजक



आइपीएस अधिकारी श्वेता चौबे को अवार्ड प्रदान करते स्काच फाउंडेशन के पदाधिकारी • सौजन्य आयोजक

शनिवार को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 100वें स्काच समिट में उच्च शिक्षा विभाग के देवभूमि उद्यमिता योजना को नवाचारी प्रयासों, उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता आधारित इकोसिस्टम परिवर्तन तथा युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के प्रयासों के लिए यह अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान सचिव, उच्च शिक्षा के सहायक निदेशक डा. दीपक कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक, देवभूमि उद्यमिता योजना डा. अमित कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से कार्यान्वित देवभूमि उद्यमिता योजना ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को उद्यमिता प्रशिक्षण, सीड फंडिंग, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच प्रदान कर उनके स्टार्टअप और उद्यमों को सशक्त बनाया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 370 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने व्यवसाय प्रारंभ किए हैं, जिनमें से कई स्टार्टअप राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं।

उच्च शिक्षा विभाग को मिली इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री, डा. धन सिंह रावत ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग एवं देवभूमि उद्यमिता योजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना पूरे देश में अपनी तरह की पहली योजना है जो उच्च शिक्षण संस्थाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य करती है।

इस उपलब्धि पर डा. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा, यह पुरस्कार उत्तराखंड में उच्च शिक्षा को उद्यमशीलता से जोड़ने के हमारे संकल्प का प्रमाण है। देवभूमि उद्यमिता योजना ने युवाओं को नौकरी खोजने वालों की बजाय नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया है।

### एसएसपी पौड़ी रहते चलाया था आपरेशन पिंक प्रोजेक्ट

देहरादून: आइपीएस अधिकारी श्वेता चौबे को यह अवार्ड कानून प्रवर्तन में नवाचार करने के लिए व पुलिसिंग के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है। अवार्ड से सम्मानित होने पर श्वेता चौबे को उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। श्वेता चौबे ने पौड़ी गढ़वाल के कार्यकाल के दौरान जनपद में आपरेशन पिंक प्रोजेक्ट चलाया। इसके तहत महिला दारोगा व महिला कांस्टेबल को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। पिंक यूनिट टीम का कार्य अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले स्कूल कालेज परिसर के बाहर मौजूद रहकर कानून व्यवस्था बनाने, मनचलों, अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, साइबर सुरक्षा, पोक्सो व ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक का सुरक्षित उपयोगी जानकारी देना रहा। (जास)

# DUY- Media Coverage

## Boot Camp

Vol-1, (2024-25))

# देवभूमि उद्यमिता योजना को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड

## नई दिल्ली में आयोजित समारोह में विभागीय सचिव डॉ. सिन्हा ने अवॉर्ड प्राप्त किया

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग को प्रसिद्ध स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिला है। यह पुरस्कार देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से विभाग में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में विभागीय सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने अवॉर्ड प्राप्त किया।

उच्च शिक्षा विभाग को मिली इस उपलब्धि पर शिक्षा मंत्री, डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना पूरे देश में अपनी तरह की पहली योजना है,जो उच्च शिक्षण संस्थाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य करती है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य के युवाओं को इस योजना के माध्यम से उद्यमिता और नवाचार के लिए तैयार किया जा रहा है। समृद्ध और समर्थ उत्तराखंड बनाने की दिशा में इस योजना की अहम भूमिका है। उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह पुरस्कार उत्तराखंड में उच्च शिक्षा को उद्यमशीलता से जोड़ने के हमारे संकल्प का प्रमाण है। उद्यमिता योजना ने युवाओं को नौकरी खोजने वालों के बजाए नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया है। हम इस पहल को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ल भी मौजूद रहे। ब्यूरो



अवार्ड प्राप्त करते हुए उच्च शिक्षा सचिव डॉ रंजीत कुमार सिन्हा। स्रोत-सूचना विभाग